Ans. (a) सही सुमेलन निम्न प्रकार है-

वन्य जीव अभयारण्य		संबंधित नदी
बस्सी	-	ओराई और बामनी
भैंसरोड़गढ़	-	चम्बल और बामनी
जवाहर सागर	-	चम्बल
शेरगढ़	-	परवन

अतः स्पष्ट है कि विकल्प (a) सही उत्तर है।

604. बन्ध बारेठा वन्यजीव अभयारण्य राजस्थान के किस जिले में अवस्थित है-

(a) भरतपुर (b) धौलपुर
(c) अलवर (d) करौली

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

Ans. (a) बन्ध बारेठा वन्यजीव अभयारण्य भरतपुर जिले की बयाना तहसील में स्थित है। इस अभ्यारण्य में नीलगाय, तेंदुआ, भेड़िया, चीतल, जंगली सुअर आदि जानवर पाये जाते हैं। यहाँ पक्षियों की 200 से अधिक प्रजातियाँ पायी जाती है।

605. सुमेलित कीजिए-

अभ्यारण्य	विशेषताएँ
A. केवलादेव	(i) साँपों की शरण-स्थली
B. सरिस्का	(ii) मानसी-बाकल नदियों प्रवाह क्षेत्र
C. फुलवारी की नाल	(iii) रीसस बन्दर एवं लंगूर
D शेरगढ़	(iv) रामसर, आर्द्रभूमि

	A	B	C	D
(a)	(iv)	(iii)	(i)	(ii)
(b)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(c)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(d)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (b) सही सुमेलन इस प्रकार है-

अभ्यारण्य	विशेषताएँ
केवलादेव	रामसर, आर्द्रभूमि
सरिस्का	रीसस बन्दर एवं लंगूर
फुलवारी की नाल	मानसी-बाकल नदियों का प्रवाह क्षेत्र
शेरगढ़	साँपों की शरण-स्थली

606. माउण्ट आबू क्षेत्र में किस प्रकार की प्राकृतिक वनस्पति पाई जाती है-

(a) उष्ण-कटिबन्धीय सदाबहार
(b) उपोष्ण-कटिबन्धीय सदाबहार
(c) अर्द्ध शुष्क पतझड़
(d) उष्ण-कटिबन्धीय कंटीली

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (b) माउण्ट आबू क्षेत्र में उपोष्ण-कटिबन्धीय सदाबहार वनस्पति पाई जाती है। आबू पर्वत के चारों ओर सदैव हरी-भरी वनस्पतियाँ पाई जाती है।
माउण्ट आबू पर अरावली पर्वत श्रेणी की सर्वोच्च चोटी गुरुशिखर में स्थित है। इसकी ऊँचाई 1722 मीटर है। यह सिरोही जिले में स्थित एक प्रसिद्ध हिल स्टेशन है।

607. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है-

	अभयारण्य	जिले में स्थित
(a)	शेरगढ़	बारां
(b)	नाहरगढ़	जयपुर
(c)	भैंसरोड़गढ़	राजसमन्द
(d)	बन्ध बारेठा	भरतपुर

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (c) सही मिलान इस प्रकार है–

अभ्यारण		जिला
(a) शेरगढ़	–	बारां
(b) नाहरगढ़	–	जयपुर
(c) भैंसरोड़गढ़	–	चित्तौड़गढ़
(d) बन्ध बारेठा	–	भरतपुर

608. सूची- I को सूची- II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन करें-

सूची- I वन्य जीव अभयारण्य	सूची- II जिले
(1) ताल छापर	(i) चुरू
(2) शेरगढ़	(ii) कोटा
(3) फुलवारी की नाल	(iii) उदयपुर
(4) बन्द बारेठा	(iv) भरतपुर

	(1)	(2)	(3)	(4)
(a)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(b)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(c)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(d)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)

हाथकरघा निरीक्षक (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा -2018

Ans. (a) राज्य के वन्यजीव अभ्यारण्य एवं उनसे सम्बन्धित जिलों की सूची निम्नवत हैं-

(i)	ताल छापर	-	चुरू जिलें में।
(ii)	शेरगढ़	-	कोटा जिले में
(iii)	फुलवारी की नाल	-	उदयपुर जिलें में
(iv)	बन्द बारेठा-		भरतपुर

नोटः शेरगढ़ वन्य जीव अभ्यारण्य वर्तमान में बारां जिले में है।वर्ष 1991 में कोटा जिले को विभाजित कर नया जिला बारां बनाया गया। जबकि शेरगढ़ वन्य जीव अभ्यारण्य की स्थापना 30 जुलाई 1985 को की गयी थी।

609. राजस्थान में किस पेड़ को 'जंगल की आग' कहते हैं?

(a) खेजड़ी (b) पलाश
(c) महुआ (d) धोकड़ा

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (b) पलाश के पेड़ को राजस्थान में जंगल की आग कहा जाता है। पलाश (छूल, परसा, ढाक, टेसू, किंशुक, केसू) वृक्ष के लाल रंग के आकर्षक पुष्प के कारण ही इसे जंगल की आग भी कहा जाता है। पलाश वृक्ष का वैज्ञानिक नाम ''ब्यूटिया मोनोस्पर्मा'' है। पलाश के पुष्प को उत्तर प्रदेश का राजकीय पुष्प भी घोषित किया गया है।

610. निम्न में से कौन सा जयपुर का प्रथम डेजर्ट पार्क है?

(a) राम बाग (b) किशन बाग
(c) लक्ष्मण बाग (d) हरि बाग

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV